किश्तों में होगा आवासों का आवंटन

ई-सबमिशन की पहली लॉटरी आज

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

आम लोगों के घर का सपना पूरा करने के लिए राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किश्तों पर आवास आवंटन के लिए ई-सबमिशन के तहत पहली लॉटरी बुधवार को निकाली जाएगी। नीलामी उत्सव के तहत 2300 से अधिक लोगों ने योजना में पंजीयन करा लिया है। इसमें से 550 लोगों ने 7 करोड़ रुपए की ईएमडी राशि भी जमा करवा दी है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना का आज पहला बुधवार है। इस योजना में भाग लेने के लिए लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार तक 2300 से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन करा लिया, जिसमें से 550 लोगों ने लगभग 7 करोड़ ईएमडी के रूप में जमा करवा दी है। योजना के तहत बुधवार शाम 4 बजे तक ई-बिड सबमिट कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि सभी के लिए किश्तों में आवास योजना के तहत 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सफल आवेदकों को 13 वर्ष की 156 मासिक किश्तों में आवास का भुगतान करना होगा। इस योजना में 1 जून से पंजीकरण और 8 जून से ई-बिड सबमिशन प्रारंभ किया गया था।

बिड में भाग लेने की प्रक्रिया है आसान

बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी को किश्तों में आवास योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन बिड की प्रक्रिया बेहद सरल और आसान है। आवेदक मंडल के सभी कार्यालयों की हैल्प डेस्क, घर बैठे या ई-मित्र पर जाकर अपनी बिड/नीलामी प्रस्ताव प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे से बुधवार शाम 4 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है। इन प्रस्तावों को पूर्ववत प्रत्येक बुधवार शाम 4.30 बजे ऑनलाईन ही खोला जाएगा और सफल बिडदाता को किश्तों पर आवास आवंटित किया जाएगा।

हेल्पडेस्क और नियुक्त किए नोडल अधिकारी

आवासन आयुक्त अरोड़ा ने बताया कि आमजन को योजना में आसानी से भाग लेकर अपने घर का सपना साकार करने सके, इसके लिए मंडल द्वारा मुख्यालय सहित सभी प्रमुख कार्यालयों पर हेल्पडेस्क बनाई गई है। यहां जाकर कोई भी आवेदक योजना की जानकारी प्राप्त कर सकता है और आवेदन कर सकता है। इसके साथ ही प्रत्येक योजना की जानकारी देने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनके नाम और नम्बर मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।